# रिटायर्ड बैंक अधिकारी से 50 लाख की ठगी

## सीबीआई बनकर धमकाया और मोबाइल पर भेजा अरेस्ट लेटर

**उज्जैन, 10 अगस्त. उज्जैन शहर की भोली-भाली जनता को अब जागरूक होने की जरूरत है, क्योंकि आज एक कैसा मामला सामना आया है, जिसमें एक गिरोह के कुछ लोगों ने अपने आपको सीबीआई अधिकारी बताकर एक दंपती को इतना डराया धमकाया कि उन्होंने इन लोगों की बात पर भरोसा करते हुए उनके खाते में 50 लाख 71,000 की राशि ट्रांसफर कर दी.**

यह राशि लेने के लिए फोन करने वाले लोगों ने सभी तरह के हथकंड़े आजमाए. उन्होंने रिटायर्ड अधिकारी के मोबाइल पर अरेस्ट लेटर भेजा और यहां तक कह दिया कि अगर हमारी बात नहीं मानोगे तो तुम्हें अरेस्ट कर जेल भेज दिया जाएगा. इन लोगों की बातों से घबराकर दंपती ने फोन करने वाले लोगों के बताए गए खाते में अपनी जमा पूंजी ट्रांसफर तो कर दी. लेकिन जब उन्हें बाद में अपने सारे रुपये गंवाने की जानकारी लगी तो तुरंत वह थाने पहुंचे. जहां उन्होंने पुलिस को इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है. उज्जैन में डिजिटल अरेस्ट में नीरा हवेली में रहने वाले एसबीआई के मैनेजर पद से रिटायर्ड हुए राकेश कुमार जैन उम्र 65 साल के साथ ठगी की वारदात हुई. जिन्होंने पुलिस को बताया कि सात अगस्त को उनके पास सीबीआई अधिकारी के नाम से मोबाइल नंबर 8653891750 से फोन आया.

### ठग ने ऐसे फंसाया अपनी जाल में

बताया जाता है कि ठगी करने वाले लोगों ने राकेश कुमार जैन को सभी तरह से डरा-धमका कर यह यकीन दिला दिया था कि वह असली सीबीआई अफसर हैं और जो भी कार्रवाई कर रहे हैं, वह एक गोपनीय कार्रवाई है. अगर इससे संबंधित जानकारी किसी को दी जाती है और यह ऑपरेशन लिंक होता है तो राकेश कुमार जैन को तीन साल की सजा भी हो सकती है. यही कारण था कि राकेश किसी को इस बारे में बता नहीं पाए. साथ ही ठगों ने उन्हें इतना व्यस्त रखा कि उन्होंने इस बात की जानकारी अपने बच्चों तक को नहीं दी. कभी वह उससे फोन पर बात करते तो कभी वीडियो कॉल के माध्यम से उससे जुड़े रहते थे. वह इसके माध्यम से यह जानने का प्रयास करते थे कि राजेश इस बारे में कभी किसी को न बता दे. ठगों ने सीनियर सीबीईसी अधिकारी मोहित हांड से 80932-73624 से बात करवाई. उन्होंने राकेश को डिजिटल अरेस्ट का लेटर वॉट्सअप पर भेजा और बताया कि सुप्रीम कोर्ट और आरबीआई के नियमों के तहत ये जानकारी अन्य किसी को साझा नहीं करनी है. ि

# कार डिवाइडर से टकराई, तीन की मौत

## अशोक नगर के चंदेरी से वापस देवास लौट रहे कार सवार

**शाजापुर/ मक्सी,10 अगस्त. एबी रोड पर मक्सी के बायपास पर एक पुलिया के समीप एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई. हादसे में देवास के एक दंपत्ति सहित तीन लोगों की मौत हो गई. मक्सी पुलिस व लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से देवास के निजी हॉस्पिटल भेजा, जहां कुछ देर बाद तीन लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया.**

तीनों शवों को रात में जिला अस्पताल में रखवाया है. देवास के आयुर्वेद चिकित्सक को इंदौर रैफर किया है. प्राप्त जानकारी अनुसार आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. प्रमोद जैन व उनकी पत्नी आशा जैन 60 निवासी ताराणी कॉलोनी के साथ रिटायर्ड राजेंद्र जोशी 65 और पत्नी उषा जोशी 62 निवासी त्रिलोक नगर 7 जुलाई को शहर से अशोकनगर के चंदेरी के लिए कार से रवाना हुए थे. डॉ. जैन की माता गुणमाल जैन की बरसी पर ये सभी गए थे, वहां से शुक्रवार को देवास के लिए रवाना हुए. इस दौरान शाम 6 बजे मक्सी बायपास पर एक पुल पर कार बेकाबू होकर ब्रिज के डिवाइडर से टकरा गई. हादसे में कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. सूचना पर मक्सी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकालकर देवास भेजा. यहां सभी को निजी अस्पताल लाया गया. डॉक्टर ने राजेंद्र जोशी, पत्नी उषा जोशी व डॉ जैन की पत्नी आशा जैन को मृत घोषित कर दिया.

# शैक्षणिक संस्थान अनुकंपा नियुक्ति देने स्वतंत्र

## जबलपुर हाईकोर्ट का आदेश, संस्थान व्यक्तिगत कोष से करें भरपाई

**जबलपुर, 10 अगस्त. हाईकोर्ट जस्टिस विवेक जैन ने अपने आदेश में कहा है कि अनुदान प्रदान शैक्षणिक संस्थान व्यक्तिगत कोष से अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने स्वतंत्र है. सरकार ऐसे कर्मचारी के लिए अनुदान राशि प्रदान नहीं करेंगी.**

जबलपुर निवासी कौशल कुमार कुशवाहा की तरफ से याचिका दायर की गयी थी कि उसके पिता अनुदान प्राप्त शैक्षणिक संस्थान में कार्यरत थे. उनकी मृत्यु के बाद उसने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था. जिला शिक्षा अधिकारी ने सितंबर 2017 में जारी आदेश में कहा था कि अनुदान प्राप्त शैक्षणिक संस्थान अनुकंपा नियुक्ति देने स्वतंत्र है परन्तु नियुक्त कर्मचारी के लिए शासन द्वारा अनुदान प्रदान नहीं किया जायेगा. जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश को चुनौती देते हुए उक्त याचिका दायर की गयी थी. याचिकाकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया कि राज्य सरकार ने निजी शैक्षणिक संस्थान में अनुकंपा नियुक्ति देने के निर्देश जारी किए थे. सरकार की तरफ से एकलपीठ को बताया गया कि उक्त नियमों में संशोधन किया गया था. जिसे चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी.

> सर्वोच्च न्यायालय ने साल 2000 से पहले के कर्मचारियों पर संशोधित नियम प्रभावी नहीं होने के आदेश जारी किये थे. इसके बाद सरकार की तरफ से आदेश जारी किये गये थे कि अनुदान प्राप्त अशासकीय शालाओं में सेवानिवृत्ति तथा अन्य कारणों से रिक्त हुए पदों पर नवीन नियुक्तियां नहीं की गयी. उक्त पद अमान्य करते हुए अनुदान प्रदान नहीं किया जायेगा. एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है सरकार ने डाइग कैडर के तहत निर्णय लिया है.

# जादू-टोने के शक पर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**जबलपुर. जादू टोने के शक में एक महिला की हत्या व एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के आरोपी कपिल यादव को अदालत ने दोषी करार दिया है. एससीएसटी के विशेष न्यायाधीश गिरीश दीक्षित की अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास व दो हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है.**

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि खमरिया पुलिस को 22 अप्रैल 2022 को सूचना मिली कि ग्राम पिपरिया में सौरभ पटेल के खेत में झगड़ा हुआ है. सूचना पर पहुंची पुलिस को छेदीलाल गौड़ गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा मिला. वहीं कुछ दूरी पर उसकी पत्नी रूकमणी बाई की लाश पड़ी थी. पुलिस को घायल छेदीलाल ने बताया कि वह पिपरिया में सिकमी में लिये खेत की चौकीदारी करता है और टपरिया बनाकर अपनी पत्नी रुकमणी के साथ रहता है. पूर्व में जब वह केनाल किनारे खेत में चौकीदारी करता था तो उसकी पहचान आरोपी कपिल यादव से हुई थी. कपिल ने खुद की तबीयत खराब होने, गायों के मरने के कारण उस पर व उसकी पत्नी रुकमणी पर जादू टोना का शक करते हुए विवाद किया था. इसके बाद 22 अप्रैल 2022 की दोपहर में कपिल यादव तलवार लेकर आया और दंपत्ति पर हमला कर दिया.

# सड़कों पर रोड स्वीपिंग मशीनों से साफ-सफाई

## निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन कर रहे मॉनीटरिंग

**भोपाल, 10 अगस्त. नगर निगम भोपाल द्वारा आम नागरिकों को धूल एवं मिट्टी से बचाव हेतु मार्गों एवं मुख्य मार्गों में रोड स्वीपिंग मशीन से साफ-सफाई निरंतर की जा रही है.**

आवश्कतानुसार पानी का छिड़काव कर धूल को उड़ने से रोकने का कार्य किया जा रहा है. तथा वर्षा के कारण सड़कों के किनारे एकत्र हुई मिट्टी आदि को भी निगम अमले द्वारा साफ करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है. निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा भी शहर की साफ-सफाई कार्य एवं रोड स्वीपिंग कार्य की लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है.

### आवश्यकतानुसार पानी का छिड़काव भी किया जा रहा

निगम आयुक्त श्री नारायन के निर्देश पर निगम की चार रोड स्वीपिंग मशीनें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रात्रिकाल में सड़कों की सफाई का कार्य कर रही हैं इसके अतिरिक्त निगम का स्वास्थ्य विभाग का अमला नियमित रूप से सड़कों के किनारे, सेन्ट्रल वर्ज, फुटपाथ, चौराहों की रोटरियों आदि के किनारों पर जमा धूल, मिट्टी को साफ करने व धूल, मिट्टी उठाने का कार्य किया जा रहा है.

# गृह सचिव सहित अन्य को हाई कोर्ट का नोटिस

**जबलपुर, 10 अगसत. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से सीआरपीएफ में पदस्थ निरीक्षक को राहत मिली है. जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने आवेदक से की जा रही वसूली पर अंतरिम रोक लगा दी है.**

एकलपीठ ने मामले में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सचिव, सीआरपीएफ के महानिदेशक, विशेष महानिर्देशक, अपर महानिर्देशक व पुलिस उप महानिरीक्षक, लेखा अधिकारी व पुलिस महानिरीक्षक को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं. यह मामला निरीक्षक कमलेश कुमार चौरसिया की ओर से दायर किया गया है. इसमें कहा गया कि ज्यादा भुगतान बताकर उनके खिलाफ तीन लाख तेइस हजार दो सौ पचास रुपये की रिकवरी निकाल दी गई. इसके लिए उन्हें कोई सुनवाई का अवसर भी नहीं दिया गया. आवेदक की ओर से कहा गया कि उसे भोपाल में पदस्थ रहने के दौरान अस्थाई अटैचमेंट में रायपुर छह महीने के लिए भेजा गया, जिस पर वह टीए-डीए प्राप्त करने का अधिकारी था, जिसका उसे भुगतान भी किया गया. दूसरी बार उसे दोबारा अटैचमेंट में रायपुर भेजा गया, जिसका भी उसे टीए-डीए का भुगतान किया गया.

# आत्महत्या में टीचर व उसकी मां पर प्रकरण

## आरोपी किशोरी को बाल सुधार गृह व उसकी मां के जेल भेजा

**इंदौर. रेप का केस दर्ज करवाने के लिए पुलिस पर दबाव बनाने के आरोप में टीचर व उसकी मां पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज कर आरोपी टीचर को बाल सुधारगृह व उसकी मां को जेल भेज दिया.**

एडीशनल डीसीपी जोन 3 रामस्नेही मिश्रा ने बताया कि बीफार्मा के छात्र गौरव हाड़ा द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में टीचर व उसकी मां के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं 108,35 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया. उनके खिलाफ सभी साक्ष्य प्रस्तुत कर कोर्ट में पेश किया था. चूंकि आरोपी टीचर नाबालिग हैं, इसलिए उसे बालसुधार गृह व आरोपी की मां को जेल भेज दिया गया. डीसीपी ने नवभारत से बात करते हुए बताया कि आरोपी टीचर व मृतक छात्र दोनों नंदानगर स्थित स्टेट फार्वेट इंग्लिश कोचिंग क्लासेस में एक साथ पढ़ाई करते थे. इसी दौरान उनकी आपस में दोस्ती हो गई थी. दोस्ती आपसी संबंधों में बदल गई. तभी से लड़की व उसके परिजनों द्वारा उस पर दबाव डाला जाता था. जिस पर उसने आत्मघाती कदम उठाते हुए आत्महत्या कर ली थी. जांच भी अभी तक यही तथ्य आए हैं.

### मृतक पर किसी न किसी तरह का था दबाव

पुलिस के पास कुछ डीजिटल साक्ष्य भी हैं, जिसके हमने जांच का अंग बनाया हुआ है. वहीं परिजनों के बयान भी हैं. जिससे यह साबित हो रहा हैं कि मृतक पर किसी न किसी तरह का दबाव था. जिसके चलते उसके द्वारा आत्मघाती कदम उठाया गया है. जिसके आधार पर यह कार्यवाई की गई है. आरोपी टीचर मुल रुप से सागर की रहने वाली हैं, वह अपनी मां के साथ यहीं पर रहती है, जबकि उनके पिता उज्जैन में काम करते है.

## पटवारी 12 को सागर और 13 को उज्जैन में

**भोपाल.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी 12 अगस्त को सागर और 13 अगस्त को उज्जैन जिले के प्रवास पर रहेंगे. श्री पटवारी अपने निर्धारित दौरा कार्यक्रम अनुसार 12 अगस्त को सुबह 9 बजे कार द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे सागर पहुंचेंगे.

श्री पटवारी सागर में दलितों पर हुये अत्याचारों, नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी के नाम पर हुए महाघोटाले और बिगड़ी कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित कलेक्टर कार्यालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होंगे. श्री पटवारी उसी दिन दोपहर 3 बजे सागर से प्रस्थान कर शाम 6 बजे भोपाल पहुंच जायेंगे. दूसरे दिन 13 अगस्त को उज्जैन पहुंचेंगे.

# जावरा में पांच करोड़ के आभूषण चोरी का खुलासा

**रतलाम, 10 अगस्त. रतलाम जिले के जावरा में 10 महीने पहले सराफा व्यापारी की दुकान से पांच करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण चोरी के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है. घटना को गुना जिले की पारदी गैंग के साथ अन्य आरोपियों ने मिलकर अंजाम दिया था. मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. वहीं, छह आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है.**

रतलाम पुलिस कंट्रोल रूम पर शनिवार दोपहर एएसपी राकेश खाका ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जावरा में बजाजखाना निवासी फरियादी प्रकाश चंद पिता पारसमल कोठरी उम्र 65 साल की आभूषण की दुकान पर 16 सितंबर 2023 की रात अज्ञात आरोपि कीचन की खिड़की तोड़कर दुकान में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी कुल कीमत करीबन पांच करोड़ रुपये के चुराकर ले गये थे. जावरा शहर के मुख्य बाजार में इतनी बड़ी चोरी होना पुलिस के लिए भी चुनौती बनी हुई थी. पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की सहायता से चोरी करने वाले आरोपियों को ट्रैस किया, जिसके तहत पूर्व में आरोपी गौरव रघुवंशी

### गुना में बेचा था आभूषण

यहां आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया. पुलिस पूछताछ में आरोपी गंगू उर्फ गंगाराम ने अपने साथी गौरव पिता बुंदेल सिंह रघुवंशी, कालिया उर्फ कालिचरण उर्फ हरि सिंह पिता सागरमल पारदी निवासी खेजरा चक थाना धरनावदा, पवन पिता बापुडा निवासी खेजरा चक थाना धरनावदा, रारी पिता जगन्नाथ उर्फ जगन पारदी निवासी बिलाखेड़ी, देवा पिता राधेश्याम पारदी निवासी खेजडा चक थाना धरनावदा, रामपूजन पिता हटे सिंह पारदी निवासी खेजडा चक थाना धरनावदा, राहुल पिता नाथुडा पारदी निवासी खेजडा चक थाना धरनावदा के साथ गुना से कार से जावरा आकर फरियादी की दुकान में चोरी करना कबूल किया.

# पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. प्रभात झा को दी श्रद्धांजलि

**ग्वालियर, 10 अगस्त. भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रभात झा के देवलोकगमन पर ग्वालियर नगर के कैंसर अस्पताल परिसर स्थित स्व. शीतला सहाय सभागार में शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल सहित वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश सरकार के मंत्रियों व पार्टी पदाधिकारियों ने स्व. प्रभात जी का स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की.**

श्रद्धांजलि सभा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के शोक संदेश का वाचन सांसद भारतसिंह कुशवाह ने किया. श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि प्रभात झा के जाने से सिर्फ एक परिवार प्रभावित नहीं हुआ है, बल्कि ऐसे अनेक परिवार हैं, जो प्रभात के न रहने से प्रभावित हुए हैं. हम सभी उन्हें याद करते हैं और उनकी आत्मिक शांति की कामना करते हैं.

## वन विभाग ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा तेंदुआ

**पानसेमल.** वन परिक्षेत्र के ग्राम भमराटा में स्थित एक खेत के कुएं में गिरे तेंदुए का वन विभाग द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया. रेस्क्यू के बाद स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक कार्रवाई कर उच्च अधिकारियों के निर्देशन में तेंदुए को खंडवा क्षेत्र के जंगल में छोड़ा.

वन मंडल अधिकारी राकेश लहरी, वन विभाग रेंजर मनोज वास्कले, डिप्टी रेंजर राजू पाटिल सहित अन्य वन कर्मियों ने ग्रामीणों की सहायता से तेंदुएं का रेस्क्यू किया था.

# फैक्ट्री समेत दो घरों से लाखों माल चोरी

**जबलपुर. गोरखपुर और गोहलपुर में चोरों ने जहां दो घरों तो खितौला में एक फैक्ट्री में धावा बोलते हुए जेवरात, नगदी समेत लाखों का माल पार कर दिया. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है.**

गोरखपुर पुलिस ने श्रीमती शीला चक्रवर्ती 70 वर्ष निवासी गुप्तेश्वर वार्ड हाथीताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एस बी आई बैंक से रिटायर्ड है, लडक़े अरूनाभ चक्रवर्ती के यहां दिल्ली गयी थी. इसी दौरान अज्ञात चोर जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए. इसी प्रकार गोहलपुर थाने में यश सोनी 24 वर्ष निवासी गणपति विहार नंदन स्कूल के पास त्रिमूर्तिनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर में चोरों ने धावा बोलते हुए आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर पार कर दिए.

इसी प्रकार खितौल थाने में हितेश जैन 48 वर्ष निवासी कीर्तिनगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी सिल्वर पेपर मिल प्राईवेट लिमिटेड नाम से ग्राम हरगढ़ में फैक्ट्री है जो लगभग 4 माह पूर्व से बंद पड़ी है.

**आयोजन** | नागदा की मंडी परिसर में पौध-रोपण कार्यक्रम में बोले उप मुख्यमंत्री देवड़ा

# पौधरोपण कर पेड़ बनने तक उनका संरक्षण करें

**भोपाल,10 अगस्त. उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महत्वपूर्ण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' पूरे देश में चल रहा है और उनकी मंशा अनुरूप हम सब पौध-रोपण कर पेड़ बनायें. इससे बड़ा कोई पुण्य का काम हो ही नहीं सकता है.**

उन्होंने कहा कि इस अभियान को हल्के में न लें और इस काम को औपचारिकता न निभायें, दिल से एक पेड़ मां के नाम अभियान को साकार कर प्रत्येक व्यक्ति पौधारोपण करे. जहां जगह मिले वहां पौधारोपण करें, ताकि इससे दूसरों को भी प्रेरणा मिलेगी. इस अभियान में सबकी सहभागिता होना आवश्यक है. नागदा के महिदपुर रोड स्थित नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में वृहद पैमाने पर पौध-रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा, सांसद अनिल फिरोजिया, क्षेत्रीय विधायक डॉ.तेजबहादुर सिंह चौहान, असंगठित कामगार मण्डल के पूर्व अध्यक्ष सुल्तान सिंह शेखावत, पूर्व विधायक लालसिंह राणावत आदि की उपस्थिति में नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर बरगद, पीपल एवं नीम की त्रिवेणी का रोपण किया गया. उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हम सब मिलकर वृहद पैमाने पर पौधारोपण कर पेड़ बनने तक उनका संरक्षण अनिवार्य रूप से करें, तभी हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह पायेगा और हमारे जीवन के लिये ऑक्सीजन मिलती रहेगी.

### हर घर तिरंगा फहराने का अभियान भी चलाया गया

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि हम सबने कोरोनाकाल की भयावह बीमारी को नजदीकी से देखा है और परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि इस प्रकार के दिन पुन- अब नहीं आये. उस दौरान पीड़ित व्यक्ति इधर-उधर ऑक्सीजन की तलाश में भटकते थे. इस दृश्य को हम सबने देखा और सुना था. इसलिये पेड़ों को न काटे और अधिक से अधिक पौध-रोपण कर पेड़ बनाकर उन्हें संरक्षित किया जाये. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के आव्हान पर पूरे देश में हर घर तिरंगा फहराने का अभियान भी चलाया गया है.

# पिता ने पुत्र की डंडे से पीट-पीटकर की हत्या

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 10 अगस्त. खुटार चौकी पुलिस क्षेत्र के कटौली गांव में एक निर्दयी पिता ने अपने युवा पुत्र की डंडे से पीट-पीटकर निर्मम हत्या किये जाने का मामला सामने आया. यह घटना आज दिन शनिवार की सुबह की है. विवाद का कारण घरेलू कामकाज को लेकर हुआ. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया. जहां से उसे जेल भेज दिया गया.**

फरियादी अखिलेश कुमार शाह पिता रामदास शाह उम्र 30 वर्ष निवासी कटौली चौकी खुटार थाना बैढ़न ने अपने पिता रामदास शाह ने छोटे भाई राहुल शाह उम्र 22 वर्ष की घरेलू विवाद के कारण सिर में पीछे से डंडा मारकर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई. जिस पर थाना बैढ़न में धारा 115(2), 103(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया. प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने आरोपी पिता रामदास शाह की गिरफ्तारी के लिए चौकी प्रभारी खुटार उनि सुधाकर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई. जहां पुलिस टीम ने घटना के 6 घंटे के भीतर ही आरोपी पिता रामदास शाह पिता हीरालाल शाह उम्र 49 वर्ष निवासी कटौली थाना बैढ़न को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त डंडा जप्त कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है.

## बर्खास्त कैश क्लर्क को हाईकोर्ट से राहत

**जबलपुर.** अनुशासनात्मक प्राधिकारी ने सजा से दंडित कर्मचारी के अभ्यावेदन पर किसी प्रकार का विचार किये बिना जांच अधिकारी के रिपोर्ट के आधार पर बर्खास्ती के आदेश पर मुहर लगा दी. हाईकोर्ट जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद अनुशासनात्मक प्राधिकारी के आदेश को अवैधानिक मानते हुए निरस्त कर दिया.

एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन में उठाने गए बिंदुओं पर विचार करते हुए अनुशासनात्मक प्राधिकारी आदेश पारित करें. अनुशासनात्मक प्राधिकारी तीन माह की निर्धारित समय सीमा में ऐसा नहीं करता है तो याचिकाकर्ता वेतन सहित सभी लाभों को पाने का हकदार होगा.